# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 27.02.23 | 2 | 6-7 |

## आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वयं सेवकों की अहम भूमिका : वीसी




एचएयू में कुलपति, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग को सम्मानित करते हुए।

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में रविवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कुलपति बी.आर काम्बोज ने बताया कि आत्म निर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग ने विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा की।

डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर ही ऐसा मंच है, जिससे स्वयंसेवकों को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि यह राष्ट्रीय एकता शिविर स्वयंसेवकों को सीखने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 27.02.23 | 5 | 2-6 |

# आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका: प्रो. बीआर कंबोज

- राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ, विभिन्न प्रदेशों के स्वयंसेवक ले रहे हैं भाग



हिसार। विभिन्न राज्यों से आए अपनी-अपनी वेशभूषा में आए उपस्थित स्वयंसेवक व अन्य।

हिसार (सच कहूँ न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर कंबोज रहे। विशिष्ट अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसके बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाया।

कुलपति बीआर कंबोज ने बताया कि आत्म निर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों को, वासुदेव कुटुम्बकम की भावना को व्यापकता में समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में इस राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान होगा। शिविर से विद्यार्थियों में निःस्वार्थ भाव से सेवा करने, समाज में भाईचारा कायम करने व एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने का भाव पैदा करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि हरियाणवी संस्कृति को समझने के साथ-साथ, यहां का खाना जैसे दूध, दही, मोटे अनाजों का चूरमा व अन्य पौष्टिक व्यंजनों का आनंद लें।

विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग ने विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा की। डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर ही ऐसा मंच है, जिससे स्वयंसेवकों को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। साथ अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को समझने का अवसर भी प्रदान करती है। अगर समाज में परिवर्तन व सुधार लाना चाहते हैं तो पहले स्वयं में बदलाव लाना होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने स्वागत किया। अंत में डॉ. चंद्रशेखर डागर ने सभी का धन्यवाद किया।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 27.02.23 | 5 | 6 |

**राष्ट्रीय एकता शिविर शुरू**

## आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

हिसार, 26 फरवरी (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में आज 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग व राज्य एन.एस.एस. अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाया।

कुलपति ने बताया कि आत्म निर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों को, वासुदेव कुटुम्बकम की भावना की व्यापकता में समझने में मदद मिलेगी।

उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि हरियाणवी संस्कृति को समझने के साथ-साथ, यहां का खाना जैसे दूध, दही, मोटे अनाजों का चूरमा व अन्य पौष्टिक व्यंजनों का आनंद लें। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग ने विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 27.02.23 | 4 | 6-8 |

# आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका : प्रो. बीआर काम्बोज



एनएसएस गीत के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथिगण।


विभिन्न राज्यों से आए अपनी-अपनी वेशभूषा में आए उपस्थित स्वयंसेवक व अन्य।

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। इसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डा. दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाया। कुलपति बीआर काम्बोज ने बताया कि आत्म निर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों को, वासुदेव कुटुम्बकम की भावना को व्यापकता में समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में इस राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान होगा। इस शिविर से विद्यार्थियों में निस्वार्थ भाव से सेवा करने, समाज में भाईचारा कायम करने व एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने का भाव पैदा करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि हरियाणवी संस्कृति को समझने के साथ-साथ, यहां का खाना जैसे दूध, दही, मोटे अनाजों का चूरमा व अन्य पौष्टिक व्यंजनों का आनंद लें। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग ने विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने हकृवि के अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और आत्मनिर्भर भारत में योगदान के लिए सराहना की। उन्होंने बताया कि अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवकों के पास राष्ट्रीय एकता शिविर वह मंच है, जिसमें वे खेलकूद सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा से लेकर संस्कृति से जुड़ेंगे, जिससे स्वयंसेवकों को देश की विविधताओं को जानने का अवसर मिलेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 27-02-23 | 10 | 3-6 |

# आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वयंसेवक अहम

- राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ विभिन्न प्रदेशों के स्वयंसेवक ले रहे हैं भाग, एचएयू के वीसी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में रविवार सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाया। कुलपति काम्बोज ने बताया कि आत्म निर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों को, वासुदेव कुटुम्बकम की भावना को व्यापकता में समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में इस राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान होगा। इस शिविर से विद्यार्थियों में निस्वार्थ भाव से सेवा करने, समाज में भाईचारा कायम करने व एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने का भाव पैदा करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि हरियाणवी संस्कृति को समझने के साथ-साथ, यहां का खाना जैसे दूध, दही, मोटे अनाजों का चूरमा व अन्य पौष्टिक व्यंजनों का आनंद लें। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग ने विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कृषि के क्षेत्र मे भी अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर ही ऐसा मंच है, जिससे स्वयंसेवकों को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। अलग-अलग राज्यो की संस्कृति को समझने का मौका मिलता है।



हिसार। क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 27.02.23 | 8 | 5-6 |

## स्वयंसेवकों की आत्मनिर्भर भारत बनाने में अहम भूमिका : प्रो. कांबोज

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में रविवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि कुलपति बीआर कांबोज ने कहा कि आत्म निर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है।

राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों को, वासुदेव कुंटुम्बकम की भावना को व्यापकता में समझने में मदद मिलेगी। भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में इस राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान होगा। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग ने बताया कि अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवकों के पास राष्ट्रीय एकता शिविर वह मंच है, जिसमें वे खेलकूद सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा से लेकर संस्कृति से जुड़ेंगे, जिससे स्वयंसेवकों को देश की विविधताओं को जानने का अवसर मिलेगा।

डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर ही ऐसा मंच है, जिससे स्वयंसेवकों को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि स्वयंसेवक हमारे देश का भविष्य है और आने वाले समय में भारत को विश्व गुरु बनाने में योगदान देंगे। इस अवसर पर डॉ. एसके पाहूजा, डॉ. भगत सिंह, डॉ. चंद्रशेखर डागर आदि मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 27.02.23 | 5 | 6-8 |

# आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

## राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ, विभिन्न प्रदेशों के स्वयंसेवक ले रहे हैं भाग

हिसार, 26 फरवरी (विरेंद्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में आज सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाया। कुलपति बी.आर काम्बोज ने बताया कि आत्म निर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों को, वासुदेव कुटुम्बकम की भावना को व्यापकता में समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवकों के पास राष्ट्रीय एकता शिविर वह मंच है, जिसमें वे खेलकूद सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा से लेकर संस्कृति से जुड़ेंगे, जिससे स्वयंसेवकों को देश की विविधताओं को जानने का अवसर मिलेगा। साथ ही भाषण प्रतियोगिता, फाइन आर्ट व लिट्रेरी से संबंधित प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कला का भी प्रदर्शन करेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि यह राष्ट्रीय एकता शिविर स्वयंसेवकों को सीखने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा। स्वयंसेवक हमारे देश का भविष्य है और आने वाले समय में भारत को विश्व गुरु बनाने में योगदान देंगे। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहूजा ने अच्छी आदतों को अपनाने व व्यसनों से बचे रहने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने स्वागत किया और अंत में डॉ. चंद्रशेखर डागर ने सभी का धन्यवाद किया।


कुलपति विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग को सम्मानित करते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 26.02.2023 | -------- | --------- |

## हिसार: भारत को आत्मनिर्भर बनाने में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका: प्रो. बीआर कम्बोज

26 Feb 2023 18:34:51






राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ, विभिन्न प्रदेशों के स्वयंसेवक ले रहे भाग

हिसार, 26 फरवरी (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका है। हमें स्वयंसेवकों की मेहनत व कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वे रविवार को एचएयू के कृषि महाविद्यालय सभागार में शुरू हुए सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक जैनजियांग व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाया। कुलपति ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों का, वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को व्यवहार में समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि हरियाणवी संस्कृति का पहनावे के साथ-साथ यहां का खाना जैसे दूध, दही, मोटे अनाजों का चूरमा व अन्य पौष्टिक व्यंजनों का आनंद लें।

विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैनजियांग ने विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कृषि के क्षेत्र में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने हकृवि के अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और आत्मनिर्भर भारत में योगदान के लिए सराहना की। उन्होंने बताया कि अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवकों के पास राष्ट्रीय एकता शिविर वह मंच है, जिसमें वे खेलकूद सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा से लेकर संस्कृति से जुड़ेंगे, जिससे स्वयंसेवकों को देश की विविधताओं को जानने का अवसर मिलेगा।



जुड़ में त



भिवानी



सोशल

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हलो हिसार | 26.02.2023 | ------- | -------- |

# आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका : प्रो. बी.आर काम्बोज




हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में आज सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाया।

कुलपति बी.आर काम्बोज ने बताया कि आत्म निर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है।

विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग ने विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए बेहतरीन प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कृषि के क्षेत्र में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर ही ऐसा मंच है, जिससे स्वयंसेवकों को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। साथ अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को समझने का अवसर भी प्रदान करती है। अगर समाज में परिवर्तन व सुधार लाना चाहते हैं तो पहले स्वयं में बदलाव लाना होगा।

**राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ, विभिन्न प्रदेशों के स्वयंसेवक ले रहे हैं भाग**

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि यह राष्ट्रीय एकता शिविर स्वयंसेवकों को सीखने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा। स्वयंसेवक हमारे देश का भविष्य है और आने वाले समय में भारत को विश्व गुरु बनाने में योगदान देंगे।